# राधा नाम दीपक जलाते चलो

राधे राधे राधे राधे गाते चलो,
राधा नाम कीर्तन कराते चलो,
होएगा दूर मन का अँधियारा,
राधा नाम दीपक जलाते चलो,
राधा नाम कीर्तन कराते चलो।bd।

तर्ज – ज्योत से ज्योत।

---

राधा नाम ही साध्य,
राधा नाम साधन,
राधा नाम में छिपा है,
दिव्य वृन्दावन,
राधा नाम खुशबु फैलाते चलो,
राधा नाम खुशबु फैलाते चलो,
राधा नाम कीर्तन कराते चलो,
राधा नाम कीर्तन कराते चलो।bd।

---

राधा नाम ही सारे,
भक्तों का सार है,
राधा नाम की जग में,
महिमा अपार है,
राधा नाम धारा बहाते चलो,
राधा नाम धारा बहाते चलो,
राधा नाम कीर्तन कराते चलो,
राधा नाम कीर्तन कराते चलो।bd।

---

राधा राधा नाम,
जपलो मेरे भैया,
पागल कहे भव से,
पार लगे नैया,
‘चित्र विचित्र’ कृपा पाते चलो,
‘चित्र विचित्र’ कृपा पाते चलो,
राधा नाम कीर्तन कराते चलो,
राधा नाम कीर्तन कराते चलो।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

राधे राधे राधे राधे गाते चलो,
राधा नाम कीर्तन कराते चलो,
होएगा दूर मन का अँधियारा,
राधा नाम दीपक जलाते चलो,
राधा नाम कीर्तन कराते चलो।bd।

**Singer – Shri Chitra Vichitra Ji Maharaj**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com